न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कोटा

कमरा नं. 09, कलेक्ट्रेट परिसर, कलेक्ट्रेट, जिला कोटा, राजस्थान:—0744—2325871

GCMS ID- 2018/00107
मिसल नम्बर—03 / 2018

1.श्रीमती अनारकली पत्नि श्री प्रेम उर्फ घनश्याम जाति माली, निवासी कुन्हाड़ी तहसील लाडपुरा जिला कोटा।
2. याशी पुत्री श्री प्रेम उर्फ घनश्याम आयु 3 वर्ष, नाबालिग, जर्येवली माता श्रीमती अनारकली पत्नि प्रेम उर्फ घनश्याम आयु 24 वर्ष, जाति माली, निवासी कुन्हाड़ी कोटा।

प्रार्थीया।

बनाम

1.राजस्थान राज्य सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील लाडपुरा जिला कोटा राजस्थान।

अप्रार्थी।

प्रार्थना—पत्र
(राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत)

—:निर्णय:—

दिंनाक: 5/12/24

उपस्थितिः—

1.श्री हेमन्त गुप्ता अधिवक्ता प्रार्थीगण।
2.सरकार पैरोकार।

राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत प्रार्थना—पत्र प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत हुआ। प्रार्थना—पत्र का अवलोकन किया गया जिसमें निवेदित सक्षेंपित तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ काला तलाव तहसील लाडपुरा जिला कोटा के खाता सं0 नया 190 पुराना 171 के खसरा नं0 559 रकबा 0.98 है0 आराजी स्थित चली आ रही है। उक्त भूमि प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता के संयुक्त खाते में दर्ज है, जिसमे प्रेम का हिस्सा 1/32 राजस्व जमाबन्दी में दर्ज है। प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता का वास्तविक नाम घनश्याम है, तथा उक्त आराजी के राजस्व रिकार्ड में त्रुटिवश घनश्याम के स्थान पर प्रेम दर्ज हो गया है, उक्त नाम प्रेम राजस्व रिकार्ड में सहवन से गलत दर्ज हुआ है। प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता का नाम मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड में घनश्याम अंकित है, जो सही नाम है, प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता प्रेम उर्फ घनश्याम का स्वर्गवास दिनांक 14.12.2015 को हो चुका है, प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता प्रेम उर्फ घनश्याम के जायज वारिस होने के कारण प्रेम उर्फ घनश्याम के स्थान पर प्रार्थीगण के नाम राजस्व रिकार्ड में सह

उपखण्ड अधिकारी
कोटा

उपखण्ड अधिकारी कोटा

दारी में दर्ज किया जावें, जिसके लिये प्रार्थीगण यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर रही है। जस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता का नाम इन्तकाल तस्दीक करते समय सहवन से गलत नाम प्रेम दर्ज होने के कारण प्रार्थीगण को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर ग्राम रंगतालाब उर्फ काला तलाव तहसील लाडपुरा जिला कोटा के खाता सं0 नया 190 पुराना 171 के खसरा नं0 559 रकबा 0.98 है0 आराजी में प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता का नाम दुरुस्त किया जाकर प्रेम के स्थान पर घनश्याम अंकित किया जाने का आदेश फरमावें की कृपा करें।

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी की तलबी वास्ते नोटिस प्रेषित किये गये।

प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार लाडपुरा से रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें तहसीलदार लाडपुरा द्वारा वर्णित किया कि मृतक घनश्याम पुत्र कंवरलाल जाति माली के संबंध में जानकारी करने पर बताया गया की मृतक घनश्याम उर्फ प्रेम की रंगतालाब में कृषि भूमि है। कंवरलाल जी माली के पुत्र घनश्याम को घरवाले व अन्य परिचित भी घर के नाम प्रेम से पुकारते थे। मृतक घनश्याम उर्फ प्रेम पुत्र कंवरलाल माली एक ही नाम है। ग्रामवासियान से की गयी जानकारी पूछताछ में प्रेम उर्फ घनश्याम पुत्र कंवरलाल माली एक ही है। जिसकी मृत्यु हो चुकी है।

बाद तहसील रिपोर्ट दौराने बहस प्रार्थीपक्ष अधिवक्ता द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र के कथनों को दोहराया। प्रार्थीगण की ओर से अपनी बहस के समर्थन में अनारकली पत्नी प्रेम उर्फ घनश्याम के शपथ पत्र पेश हुआ।

उरोक्तानुसार बाद अवलोकन तहसील रिपोर्ट प्रार्थना–पत्र को प्रथम दृष्ट्या ही स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। चूंकि तहसीलदार लाडपुरा द्वारा अपनी रिपोर्ट में कथन किया कि मौके पर ग्रामवासियान द्वारा बताया गया कि प्रेम पुत्र कंवरलाल जाति माली निवासी कुन्हाड़ी का वास्तवीक व सही नाम घनश्याम ही है। परिवारजन से पूछताछ करने पर भी प्रेम पुत्र कंवरलाल का नाम घनश्याम पुत्र कंवरलाल ही बताया गया। गांव में प्रेम पुत्र कंवरलाल का कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं है। प्रेम उर्फ घनश्याम पुत्र कंवरलाल एक ही व्यक्ति है। पत्रावली में संलग्न दस्तावेजों आधार कार्ड, राशन कार्ड का भी अवलोकन किया गया। उक्त दस्तावेजों के अवलोकन से भी इस बात की पुष्टि होती है कि प्रेम एवं घनश्याम एक ही व्यक्ति के नाम है। अतः भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र को स्वीकार कर तहसीलदार लाडपुरा को आदेशित किया जात है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ काला तलाव पटवार हल्का डडवाड़ा तहसील लाडपुरा जिला कोटा के खाता संख्या नया 190 पुराना 171 के खसरा संख्या 559 रकबा 0.98 है0 में हिस्सा 1/32 में प्रार्थीया क्रम 1 के पति एवं प्रार्थीया क्रम 2 के पिता का नाम प्रेम पुत्र कंवरलाल के स्थान पर प्रेम उर्फ घनश्याम पुत्र कंवरलाल दर्ज किया जावें।

उक्त निर्णय आज दिनांक ....4/12/24.... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

गजेन्द्र सिंह
उपखण्ड अधिकारी
कोटा।

उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड अधिकारी ★ कोटा ★